हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024



### खनिज महकमें को खबर नहीं, शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान
# सैकड़ों हाईवा जब्त रेत गायब
## एसडीएम के अजीबो-गरीब आदेश पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*एक तरफ जहां प्रदेशभर में अवैध उत्खनन के मामले में कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। वहीं इधर जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक में प्रशासन द्वारा जब्त की गई रेत ही गायब होने का मामला सामने आया है। यहां डोंगरगढ़ एसडीएम द्वारा बीते दिनो डंप रेत पर की गई कार्रवाई के बाद उनके ही एक अजीबो-गरीब आदेश के आधार पर वहां से हटा लिया गया है, लेकिन रेत हटाकर कहां रखी गई है, इसकी जानकारी नहीं उपलब्ध कराई जा रही है।*

जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक में एक नया मामला सामने आया है, जहां एसडीएम द्वारा एक गांव में डंप रेत को पहले जब्त करने की कार्रवाई की गई। इसके बाद उस रेत का कोई मालिक सामने नहीं आने पर उसे खनिज विभाग को सौंपने के बजाय निजी हाथों में सौंप दिया गया। इस मामले में न तो खनिज विभाग में रायल्टी अदा की गई और न ही सरकारी कामों में जब्त रेत का उपयोग किया गया। सैकड़ों हाईवा रेत कहां गई इसकी जानकारी देने में अफसरों ने भी मौन साध लिया है। इस पूरे मामले में राजस्व अफसरों की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गर्मी के दिनों में कुछ लोगों द्वारा डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुढ़पार में बड़ी मात्रा में रेत डंप करने का काम किया गया था। करीबन 700 से 800 ट्रिप हाईवा रेत डंप होने की जानकारी सामने आई है, इतनी बड़ी मात्रा में रेत का अवैध डंप होने की सूचना मिलने के बाद एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल द्वारा कार्रवाई करते उसे जब्त कर चालानी कार्रवाई की तैयारी की गई। जब्त की गई रेत किसकी है, इसका पता लगाने के लिए उक्त गांव के लोगों से भी जानकारी ली गई, लेकिन मालिक की सूचना नहीं मिलने के बाद उसे जब्त कर लिया गया। इसके बाद रेत चोरी होने से बचाने के लिए एसडीएम ने बकायदा दो कोटवारों की भी तैनाती उक्त इलाके में की थी।



### कहां गई रेत? बड़ा सवाल

मुढ़पार से करीबन सात सौ से आठ सौ ट्रिप डंप रेत पर जब्ती की कार्रवाई की गई थी। इस रेत को हटाने के लिए एसडीएम उमेश पटेल ने एक आदेश जारी कर प्रतीक अग्रवाल पिता शिव अग्रवाल और लेखराम साहू पिता छबिल साहू को निर्देशित किया। खास बात यह है कि इस आदेश की प्रतिलिपि भी खनिज विभाग को नहीं दी गई। जबकि रेत से जुड़े मामले खनिज विभाग के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। अब सवाल यह है कि रेत उक्त स्थान से हटाकर कहां रखी गई है?

### बाजार में बिक गई लाखों की रेत

ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम के आदेश पर सप्लायरों ने डंप रेत को बाजार में महंगे दामों पर बेच दिया है। यही नहीं खनिज विभाग को न तो रायल्टी अदा की गई है और न ही कलेक्टर से नीलामी प्रक्रिया की अनुमति ली गई। जानकारों की माने तो नीलामी का आदेश कलेक्टर द्वारा दिया जाता है।

### खनिज विभाग का यह नियम

मिली जानकारी के अनुसार इस प्रकार से रेत के अवैध डंप किए जाने की कार्रवाई के बाद उसे जब्ती कर चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन यदि कोई भी मालिक रेत उसकी होने का दावा नहीं करता है तो उसके बाद उसे जब्त कर उसकी नीलामी की प्रक्रिया की जाती है। कार्रवाई चाहे राजस्व विभाग द्वारा हो या फिर खनिज विभाग द्वारा नीलामी की यह पूरी प्रक्रिया खनिज विभाग द्वारा ही होती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया।

### कोई जानकारी नहीं दूंगा

मेरे आदेश पर मुढ़पार की रेत की जब्ती की गई है। इस रेत को कैसे निजी हाथों में दिया गया, इस बारे में मैं आपको कोई जानकारी नहीं दूंगा।

**- उमेश पटेल,** एसडीएम

# रैली निकालकर सांसद पांडे ने जताया शहरवासियों का आभार
## रिमझिम बारिश के बीच बाजे-गाजे व स्वागत सत्कार का रहा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद संतोष पांडे ने बाजे-गाजे के साथ रिमझिम बारिश के बीच जनता का आभार व्यक्त करने रैली निकाली। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित कार्यकर्ताओं की भीड़ रही। शहर के कई स्थानों पर आभार रैली का भव्य स्वागत किया गया।

शहर के पुराना गंज चौक स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर संसद संतोष पांडे ने आभार रैली निकाली और अपनी जीत के लिए यहां के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। सांसद संतोष पांडे बाजे-गाजे के साथ खुली जीप में सवार होकर शहर के मतदाताओं के बीच निकले। गंज चौक से लेकर गुरूनानक चौक तक आयोजित इस आभार रैली के दौरान विभिन्न जगहों पर सांसद संतोष पांडे का स्वागत अभिनंदन भी किया गया।

रिमझिम बारिश के बीच शहर में दोपहर बाद निकली इस आभार रैली के दौरान मतदाताओं पर फूल बरसाए गए। वहीं फूल-माला पहनाकर भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाताओं ने अपने सांसद का स्वागत अभिनंदन किया। इस आभार रैली में पूर्व सांसद अशोक शर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

**जनता का प्यार-दुलार मिला :** सांसद संतोष पांडे ने भी अपने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते उनका अभिवादन किया। आभार रैली के दौरान सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजनांदगांव ने इतिहास लिखा है, जिस प्रकार से मोतीलाल वोरा यहां से हारकर गए थे। उसी प्रकार से भूपेश बघेल को भी नांदगांव ने हराकर भेजा है। भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की जो उपेक्षा किया है उसका बदला जनता ने लिया है। सांसद सतोष पांडे ने कहा कि मुझे यहां की जनता का जो प्यार-दुलार मिला है, उसके लिए मैं मतदाताओं का आभार व्यक्ति करता हूं।

# बाइक पुलिया से टकराई युवक की मौत

**राजनांदगांव।** अनियंत्रित होकर बाईक सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम मोहनपुर चारभाठा निवासी देवचरण यादव 25 वर्ष एवं भोजलाल यादव बाईक में सवार होकर 17 जून को ग्राम तोतलभर्ती रिश्तेदारी में जाने के लिए निकले थे। वे ग्राम ढारा से तोतलभर्ती के बीच पहुंचे थे कि उनकी बाईक अनियंत्रित होकर कारीमाठी पुलिया में टकरा गई।

घटना में देवचरण को गंभीर चोंटे आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं भोजलाल को चोंटे नहीं आई है। बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# दस साल पुराने परिसीमन जैसा बदलाव दर्जनभर वार्डों की सीमाएं होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालांत में होने वाले निकाय चुनाव से पहले प्रदेश सरकार ने परिसीमन की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए हैं। जिले के सभी निकायों में प्रशासन ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। राजनांदगांव नगर निगम में भी परिसीमन प्रक्रिया के तहत काफी कुछ बदलने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि करीबन आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं। जिनकी सीमाओं में बड़ा बदलाव किया जा सकता है। यह ऐसे वार्ड हैं, जहां मतदाता सर्वाधिक और न्यूनतम है। दस साल पहले 2014 में किए गए परिसीमन जैसा ही इस बार भी वार्डों का बंटवारा देखने को मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका, डोंगरगांव नगर पंचायत और छुरिया नगर पंचायत में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इन सभी निकायों में जनप्रतिनिधियो से रायशुमारी कर परिसीमन की प्रक्रिया जारी है। राजनांदगांव नगर निगम में पिछले बार 2019 में किए गए परिसीमन में कई बदलाव किए गए थे, उस समय परिसीमन में सत्ता सरकार का फायदा उठाते हुए कांग्रेसियों ने अपने वार्डों में मनचाहा बदलाव करा लिया था। यही कारण था कि एक वार्ड में जहां महज साढ़े तीन सौ मतदाता थे, तो एक वार्ड में पांच हजार मतदातओं को जोड़ दिया गया, लेकिन इस बार परिसीमन में सभी वार्डों में बराबर मतदाता रखने की कवायद की जाएगी।




### इन वार्डों में बदलाव संभव

शासन का साफ निर्देश है कि निकाय के सभी वार्डों को बराबर बांटना है। ऐसे में शहर के करीबन आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं। जिनमें बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 2, 6, 11, 17, 19, 21, 25, 31, 49 और 50 शामिल हैं। इनमें ऐसे वार्ड शामिल हैं, जहां 2019 वार्ड चुनाव के आंकड़ों अनुसार मतदाता संख्या दो हजार से कम या फिर चार हजार से अधिक हैं। ऐसे में इन वार्डों की सीमाओं में बदलाव कर शहर के बाकी वार्डों की तरह ही मतदाता रखने की कवायद होगी।

### मतदाता संख्या में बड़ा इजाफा

मिली जानकारी के अनुसार पांच साल पहले 2019 में हुए वार्ड चुनाव के दौरान शहर के 51 वार्डों में कुल 1.22 लाख मतदाता थे। इस हिसाब से हर वार्ड में करीबन 24 सौ मतदाता होने थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। अब शहर में मतदाताओ की संख्या करीबन पौने दो लाख पहुंच गई है। ऐसे में हर वार्ड में 34 सौ मतदाता होने चाहिए। हालांकि परिसीमन के दौरान मतदाताओं की संख्या को देखने सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या 3 से 4 हजार के बीच रखने की कवायद की जाएगी।

**ऐसे पूरी होगी प्रक्रिया :** परिसीमन प्रक्रिया के लिए शासन से निर्देश मिलने के बाद जिला कलेक्टर ने चार अधिकारियों को चार निकायों का जिम्मा सौंप दिया है। राजनांदगांव एसडीएम को नगर निगम का परिसीमन करने की जिम्मेदारी दी गई है। अभी मतदाता संख्या और भोगोलिक स्थिति के अनुसार वार्डों का विभाजन किया जाएगा। 25 जून तक सुझाव मांगे गए हैं। इसके बाद परिसीमन में होने वाले बदलाव का प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद इसके विरुद्ध दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। दावा-आपत्ति का निराकरण करने के बाद अंतिम प्रकाशन होगा। जिसके बाद नए मतदाताओं को जोड़ने का काम किया जाएगा।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल


**24 घंटे आपात चिकित्सा**
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, बिरवली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



Rahul Travels



TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Kawardha To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp



# पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 12वीं (बायोलॉजी) के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

प्रति,
संचालक
NSDC पैरामेडिकल संस्थान
महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

.................................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं ।

1. आवेदक का नाम.................................................
2. पिता/पति का नाम.................................................
3. जन्म तिथि अंकों में.................................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग .................................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित.................................................
1. मो.......................2. मो.......................व्हाट्सएप नंबर.......................
6. शैक्षणिक योग्यता,.................................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### महिलाएं जुटी सफाई में

**जेवरतला रोड।** ग्राम भरदा (ट) के गृह लक्ष्मी स्वसहायता समूह की महिलाएं सप्ताह एक दिन चौक चौराहे, बाजार, नदी किनारे में सफाई कर रही हैं। इस समूह में 13 महिलाएं हैं जो सप्ताह में एक दिन सुबह से सफाई करने निकलती हैं। समूह की अध्यक्ष यामिनी निर्मल एवं सचिव लोकेश्वरी निर्मल स्वच्छ भारत मिशन से जुड़कर कार्य कर रही है। समूह की सदस्य माधुरी निर्मल, गिरजा निर्मल, पिंकी निर्मल, धरमीन निर्मल, गोमती यादव, सोनिया यादव, केवरा यादव, नीलू यादव, ममता यादव, शिव कुमारी यादव, निर्मला यादव सहयोग दे रही हैं।

### बोनी की तैयारी में किसान

**डोंगरगढ़।** मानसून की आहट के साथ क्षेत्र के खेती के काम में तेजी आने लगी है। किसान इन दिनों खरपतवार को जलाने के अलावा मिट्टी को मथ रहे हैं। पहली बारिश होने के साथ किसानों ने बुआई की तैयारी कर रखा है। समितियों में खाद व बीज के लिए किसानों की भीड़ देखने मिल रही है। कुछ किसानों ने बारिश होने के पहले ही देवी-देवताओ की पूजा कर धान की बुआई शुरू कर दिया है। जिन किसानों के पास सिंचाई सुविधा है उन्होने सोमवार को धान के बीज कर बोनी किया।

### योग दिवस पर कार्यक्रम 21 को

**मोहला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित किया गया है। जिले के नागरिकगणों को योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास करने की अपील किया गया है।

### सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरुकता का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व सिकल सेल दिवस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की उपस्थिति में आज दिलीप सिंह भवन खैरागढ़ में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिलापंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अपने संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस अभियान अंतर्गत सिकल सेल की बीमारी को जड़ से कैसे समाप्त कर सके इसके लिए उन्होंने मिशन मोड 2026 रखा है, जिसके अंतर्गत मिशन मोड में वर्ष 2026 तक 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने कहा की यह अभियान हम सब की भी जवाबदारी होनी चाहिए की सिकल सेल से संबंधित लक्षण होने पर समय रहते हुए कैसे स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले से। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की हम सब को न केवल सिकल सेल अपितु जितने भी स्वास्थ्यगत बीमारियों के लक्षण है, जनजागरूकता अभियान चला कर जन जन तक पंहुचने की आवश्यकता है।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया की जिले में अब तक 97 हजार 5 सौ 12 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें 3 हजार 7 सौ 44 पॉजिटिव पाये गये है। वर्तमान में जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायतों में अभियान चला कर सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्क्रीनिंग किए जा चुके विकासखण्ड छुईखदान अंतर्गत संचालित नचनियां माडापाकेट के बैगा परिवारो एवं खैरागढ़ विकासखण्ड के हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हे सिकल सेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। शिविर में पहुंचे समस्त अतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दिलीप सिंह भवन खैरागढ़ से सिकल सेल रथ रवाना किया गया जो जिले भर में घुमकर प्रचार-प्रसार कर बिमारी के बारे में लोगों को जागरूक करेगी।

उक्त शिविर में कोमल जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़, घम्मन साहू जिला पंचायत सदस्य, विप्लव साहू जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति निर्मला बाई वर्मा जिला पंचायत सदस्य, अजय जैन पार्षद खैरागढ़, राकेश गुप्ता सांसद प्रतिनिधी, भागवत शरण सिंह सांसद प्रतिनिधि, तोप सिंह जनपद सदस्य खैरागढ, विनय देवांगन पार्षद, अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसी ट्राईबल श्रीकांत देव शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. गणेश दास वैष्णव, डीपीएम श्रीमति सोनल ध्रुव, बीएमओ खैरागढ़ डॉ. विवेक बिसेन डीडीएम खिलेश साहू, समस्त छात्रावास अधीक्षक, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे ।



### सिकल सेल रोग की जानने योग्य बातें

हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांसिक रोग है। भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घ कालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों मे पीलापन (पीलिया), बार बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और उंचाई सामान्य से कम, हांथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द होना इस रोग का लक्षण है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंदों में निशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार कि आदतों में संशोधन करे, शांत चित रहे एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, नियमित रूप से खेल खेलें, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, विवाह पूर्व सिकल सेल जांच कराएं। अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार लें। तेल और वसायुक्त मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने।

### ग्रामीणों को बताया सिकल सेल के लक्षण



**डोंगरगांव।** विश्व सिकलसेल दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला चिचदो की सहायक शिक्षिका कनिका सोनी ने जागरूक कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को रोग से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए रोग के लक्षण, पहचान, उपचार आदि के बारे में बताया गया। श्रीमती सोनी ने बताया कि सिकलसेल रोग होने पर भूख न लगना, खून की कमी, दीर्घकालीन बुखार, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार-बार पेशाब आना, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन में कमी, हाथ- पैर में सूजन, सांस लेने में तकलीफ होने लगता है। उन्होंने बताया कि सिकलिंग टेस्ट शासकीय सामुदायिक अस्पताल में कराया जा सकता है।

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा छिरपानी मुक्तिधाम

### सफाई भी नहीं होती, कई कमियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

उपेक्षा के चलते छीरपानी मुक्तिधाम की लगतार दुर्दशा हो रही है। एक मुक्तिधाम छह एकड़ में फैला था जो अब सिमटते हुए एक एकड़ का बचा है। मुक्तिधाम की जमीन अतिक्रमण की चपेट में आ गई है।

मुक्तिधाम की जमीन पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते मुक्तिधाम में सफाई व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का आभाव है। मुक्तिधाम में समय-समय पर नगर पालिका द्वारा निर्माण कार्य कराए जाते हैं किन्तु कार्य कराने के पहले मुक्तिधाम समिति एवं नागरिकों से सलाह नहीं लिया जाता जिसके मुक्तिधाम अंतिम सांसें गिन रहा है। जनप्रतिनिधियों ने भी इस ओर से मुंह फेर रखा है। मुक्तिधाम में व्याप्त अव्यवस्था से नागरिकों में रोष व्याप्त है।

यहां पर सफाई की नियमित आवश्यकता है क्योंकि शव दहन के पश्चात लोग कपड़े तथा मृतक की अन्य वस्तुएं छोड़कर चले जाते हैं। अधूरी जली लकडियां, कंडे तथा राख आदि की सफाई नहीं किया जाता है। मुक्तिधाम की शेष जमीन पर गार्डन निर्माण की आवश्यकता महसूस किया जा रहा है क्योंकि यहां आने वाले लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है।

# साय सरकार के राज में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य



**खैरागढ़।** सिर्फ 6 माह में प्रदेश सरकार ने मिसाल कायम की है और हर वर्ग के लोगो को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, उक्त बातें जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कही। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अब तक के सिर्फ छह माह के कार्यकाल में ही सर्व वर्ग के उत्थान में अभूतपूर्व विकास कार्य सफलतापूर्वक करके दिखाया है जो कांग्रेस सरकार 5 साल में नहीं कर पाई थी। घम्मन साहू ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा विष्णु देव साय सरकार को विफल बताए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनकी सरकार ने महज छह माह में वो कर दिखाया, जिसकी कल्पना कांग्रेस के लोग कभी कर ही नहीं सकते थे और जनता हमारे मुख्यमंत्री तथा उनकी सरकार के कामकाज से बहुत प्रभावित भी है।

### हर वर्ग के हित में योजनाएं

जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हमारी साय सरकार हर वर्ग के हित में योजना लागू कर रही है और हमारी भाजपा सरकार के हर वर्ग के हित में नेक कदम अब जग जाहिर हो गये हैं और सिर्फ छह माह की ही अल्प अवधि में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल ने ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए हैं कि कांग्रेस नेताओं के अभी से पेट में दर्द होने लगा है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार, देश के लगातार तीसरी बार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम जनता के हित में घोषणा की गई सभी गारंटी को पूरा करने की ओर तेजी से अग्रसर हैं।

# भिलाई के पदाधिकारियों का स्वागत



**डोंगरगढ़।** भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज सर्किल भिलाई दुर्ग के चुनाव बाद निर्वाचित पदाधिकारी एवं सामाजिकजन मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। दानेश्वर लिल्हारे, लोकेश वर्मा ने देवी दर्शन कराया। लोधी भवन में पदाधिकारियों का स्वागत के बाद साल श्रीफल से सम्मान सर्किल अध्यक्ष ओंकार लिल्हारे एवं अन्य ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव मूलचंद लोधी ने किया। इस अवसर पर भिलाई सर्किल अध्यक्ष उत्तम कुमार चंदेल, उपाध्यक्ष डॉ विशाल राम वर्मा, कोषाध्यक्ष राम अवतार चंदेल, अंकेक्षक मनीराम वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार वर्मा, अलख राम लोधी , रमेश कुमार वर्मा, डॉ बीपी कौशिक, तुका भैया, फत्ते, पंचू , सुखचरण, महेंद्र, सुरेश वर्मा, दीपक वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, अशोक वर्मा, कमलेश वर्मा, किशोर वर्मा, सुमन वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, भूषण वर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम लिल्हारे, नरेश वर्मा, दिनेश वर्मा, तेजलाल वर्मा, अशोक वर्मा, संजय वर्मा, बिशेषर, रामचरण वर्मा, विजय वर्मा, मकुंदी वर्मा, शिव वर्मा, शिव प्रसाद, हितेश्वर, पारस,भोजराज उपस्थित थे।

# अपराध से जुड़ रहे बेरोजगार युवा

### शहर में रोजगार के अवसर कम, व्यवसाय में मंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में बेरोजगारी के साथ नशे का कारोबार काफी तेजी से फैल रहा है। सीमित शासकीय नौकरी और व्यवसाय में मंदी को देखते हुए उद्योग स्थापना की जरूरत महसूस की जा रही है।

धर्मनगरी का व्यवसाय बढ़ने के बजाय पहले से कम हुआ है। वहीं लोगो को रोजगार मुहैया करने वाले उद्योग भी घटे है।

जानकारी के अनुसार पिछले 15 से 20 सालो में 5 बीडी कारखाने, एक पाईप फेक्टरी बंद हो चुकी है। इन उद्योगों के बंद होने से हजार से अधिक लोग रोजगार से वंचित हुए है।

शहर में 10 हजार से अधिक युवा बेरोजगार है जो आर्थिक तंगी के चलते मजबूरन अवैध कारोबार से जुड़ रहे हैं। शहर में बढ़ती चोरी में नाबालिक, युवा की लिप्तता चिंता का विषय बना हुआ है। शहर में कबाड़ चोरी, सूने मकानों में सेंधमारी की बढ़ती वारदाते और युवाओं का नशे की ओर झुकाव तेजी से बढ़ रहा है। करीब 20 साल पूर्व क्षेत्र में बांस के उत्पादन को ध्यान में रखकर कागज फेक्टरी एवं शक्कर कारखाना सहित अन्य उद्योग खोलें जाने की मांग उठी थी किन्तु अब तक यह मांग पूरी नहीं हो सकी है।

### स्थानीय श्रमिकों की उपेक्षा

करोड़ो का व्यापार करने वाली स्लीपर फेक्टरी भी दिखावा साबित हो रही है। शहर में सालों पहले स्लीपर फेक्टरी खोली गई थी। शुरूआती 10 सालों तक स्थानीय लोगो को रोजगार मुहैया कराया गया किन्तु अब कंपनी संचालक ने दूसरे प्रांत के लोगो को ठेका पद्धति से काम पर रखना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि स्लीपर फेक्टरी में 70 से 80 प्रतिशत मजदूर भी छग के नहीं है।

# शिविर में नहीं सुलझ रहे राजस्व मामले, गायब रहते हैं आरआई और पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

राजस्वों मामलों के निराकरण के लिए लगाए जा रहे शिविर मजाक साबित हो रहे हैं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने आरोप लगाया कि शिविर लगाने के बाद राजस्व विभाग के अधिकारी लोगों के मामले सुलझाने में रूचि नहीं ले रहे हैं जिसके चलते किसानों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि राजस्व शिविरों में राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की मौजूदगी अहम होती है किन्तु वह शिविरों में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी भी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने पहल नहीं कर रहे हैं। अधिकारी यह कहते हुए बला टाल रहे हैं कि एक ही दिन कई जगह शिविर लगते हैं जिससे आरआई और पटवारी मौजूद नहीं रह सकते।

### नहीं पहुंचा राजस्व अमला

उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार को ग्राम में राजस्व शिविर लगाया गया। क्षेत्र के किसान और सामान्यजन अपने कार्यों के लिए यहां जुटे थे, लेकिन शिविर में न आरआई मौजूद था और न ही पटवारी। दिनभर लोग उनके आने का इंतजार करते रहे। श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के लोग बंटवारा, नामांतरण और फौती के प्रकरणों के लिए 6- 6 महीने से चक्कर काट रहे हैं। राजस्व अधिकारी ऐसे मामलों को सुलझाने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। साहू ने कहा कि इन मामलों को लेकर वह शीघ्र ही संभाग आयुक्त से शिकायत करेंगे।

उन्होंने कि जब शिविर में जिम्मेदार मौजूद ही नहीं रहेंगे तो आयोजन ही औचित्यहीन हो जाता है। उन्होंने कलेक्टर से इस लापरवाही को संज्ञान में लेकर संबंधितों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### जन सामान्य के आवेदनों का करें निराकरण

# शासन की योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी प्रति सप्ताह योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करें।

मैदानी अमले के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता के साथ दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित करें। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पर नियमानुसार कार्रवाई भी किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी की महती जिम्मेदारी है कि शासन की मंशा अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करते हितग्राहियों को लाभान्वित करें।



### लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकारणों की समीक्षा करते कहा कि आम जनता से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते यथाशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजनों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, बिना किसी ठोस वजह के आवेदनों को निरस्त न करें। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व से संबंधित मामले बेहद गंभीर और संवेदनशील होते हैं। राजस्व अधिकारी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता का परिचय देते वास्तविक निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों, मांगों और समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

### प्राथमिकता से बनाएं बच्चों के प्रमाण पत्र

बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति स्वीकृत के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत में ठोस तरल अपशिष्ट पदार्थों के उचित प्रबंधन और स्वच्छता के लिए विशेष कार्य योजना बनाया जाए। सहकारिता विभाग से कहा गया है कि किसानों की मांग पर ऋण स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से करें। किसानों को दिए जाने वाले नगद राशि ऋण स्वीकृति के कार्य को किसानों की मांग के अनुसार नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागीय अधिकारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्रवाई करते अपने विभागों में संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला परियोजन निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शन में मिले 24 आवेदन

- जनदर्शन में लोगों ने बताई अपनी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतों, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करें। कलेक्टर जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।




### नहीं मिलता नेटवर्क

कलेक्टर जनदर्शन में कुंजामटोला के ग्रामवासियों ने अपने गांव में नेटवर्क की समस्या से अवगत कराते आवेदन प्रेषित किया। उन्होंने अपने गांव में जियो टावर लगाने की मांग की हैं। उन्होंने बताया कि नेटवर्क समस्या होने के चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन लेते समय मशीन में हितग्राही का फिंग्गर के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है।

### किसी ने मांगा पेंशन

इसी प्रकार अं.चौकी निवासी अक्षय लाल ने उनकी माता की मृत्यु हो जाने पर अनुकम्पा नियुक्ति देने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है। आवेदक ने बताया कि उनकी माता शिक्षा विभाग में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थी। उनकी माता की मृत्यु सेवाकाल में हो गई है। उन्होंने आवेदन देते बताया कि उनकी अर्थिक स्थिति खराब हैं, अतः अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाए। इसी प्रकार ग्राम खुर्सीपार निवासी मंजू श्याम ने अपने पति स्व. विजय श्याम के निधन के बाद उनकी पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकण करने आवेदन दिया। ग्राम खड़बत्तर के ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम से लेकर मोहला जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण उन्हे आने-जाने में कई समस्याओं का समना करना पड़ता हैं, संबंधित समस्या से अवगत कराते आवेदन दिया।

# खिलाड़ियों ने जीता पदक

**डोंगरगढ़।** 15 वीं शोबूकाई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप टूर्नामेंट 16- 17 जून को चेन्नई में अयोजित हुआ। स्पर्धा में डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्टस संस्था के 15 वर्षीय शौर्य पिता महेश मिश्रा ने रजत पदक, 13 वर्षीय यमन पिता मुकेश पटेल ने कांस्य पदक, जयकिशन सिन्हा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।




पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### आदेश हुआ शिथिल

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस जयवर्धन द्वारा ग्रीष्मकालीन के दौरान पेयजल परीरक्षण अधिनियम अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 27 मार्च से 31 जुलाई तक की अवधि के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। वर्तमान में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए उक्त आदेश को शिथिल कर दिया गया है।

### जिलेभर में भाजपा मनाएगी योग दिवस

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला भाजपा जिलेभर में योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। इसके लिए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने आवश्यक जिम्मेदारियों का वितरण किया व पार्टी कार्यकर्ताओं से योग दिवस के आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने को कहा है।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी को जिले की जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार आयोजन में समन्वय के लिए जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार जिले में पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### कबीर जयंती पर 22 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 22 जून को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### दिव्यांगजनों के लिए 31 जुलाई तक शिविर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण, विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जपं डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून को प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़, जपं राजनांदगांव अंतर्गत 29 जून तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी, जपं डोंगरगांव 3 जुलाई को प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी, जपं छुरिया 10 को प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगोंदी, जपं डोंगरगढ़ 20 को प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र एलबी नगर, जपं छुरिया 24 को प्रा.स्वा. केन्द्र छुरिया तथा जपं डोंगरगढ़ 31 सा. स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में शिविर आयोजित होगा।

### प्रदीप मिश्रा को सुनने उमड़ा जनसैलाब, तीनों डोम और पंडाल शिव भक्तों से भरा खचाखच

# माता-पिता की सेवा और परमात्मा की आराधना करने से दूर होती है सभी प्रकार की परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन 19 जून को पहले दिन से अधिक भीड़ देखने को मिला। मुख्य डोम सहित दोनों साइड के डोम शिवभक्तों से खचाखच भर गया। इसके बाद अलग से बनाए गए पंडाल में भी शिवभक्त समा नहीं पा रहे थे। कह सकते हैं कि लगभग 1.50 डेढ़ लाख से अधिक की भीड़ कथा पंडाल में बैठे हुए थे। इसके अलावा खुले आसमान के नीचे भी सैकड़ों भक्त खड़े होकर कथा का श्रवण बड़े ध्यान से कर रहे थे।

दूसरे दिन कथा के आरंभ में पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि बड़े भाग्य से मनुष्य जन्म मिलता है, इसलिए हमें इस मनुष्य जीवन को संवारना चाहिए। हर आदमी को अपने माता-पिता और परमात्मा के पास हर दिन थोड़ी देर के लिए सही पर बैठना ही चाहिए। ये जो आप इनके साथ थोड़ी देर बैठेंगे, वहीं आपको आपके मंजिल तक पहुंचाएंगे। अगर हमने थोड़ा सा भी समय इन तीनों को दिया है, तो इसका अच्छा प्रतिफल जरूर मिलेगा। ये तीनों ही के सामने जब आप दिल की बात करोगे, सच्चे हृदय से सामने बैठोगे तो ये आपकी आत्मा की आवाज को जरूर सुनेंगे और आपके जीवन के हर परेशानियों को भी दूर करेंगे। जितना आप अपने माता-पिता और परमात्मा के करीब जाते हैं, आपको आत्मिक शांति मिलती जाएगी।



#### बेलपत्ती से दूर हुआ विकार

दूसरे पत्र को पढ़ते पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि रुद्राक्ष का जल पीने से क्या होता है और पत्र को पढ़ते हुए बताया कि कुरूद की रहने वाली चांदनी राजपूत पति संगीत राजपूत ने अपने पत्र में लिखा है कि बड़े भैया के फेफड़े में पानी भर गया था। फेफड़े में मवाद बन रहा था, डॉक्टरों ने बोला कि इलाज में बहुत समय लगेगा, हास्पिटल बदले, ऑपरेशन करवाए पर हालात खराब होता जा रहा था। उनके फेफड़े में लगातार मवाद बढ़ते ही जा रहा था, तब हमने सीहोर जाकर रूद्राक्ष लिया। जिसका पानी भैया को पिलाते रहे, शिव पर चल चढ़ाए, बेलपत्ती खिलाये, तबियत खराब थी, पर फिर भी हम लोग अमलेश्वर की कथा सुनने गए और वहां की बेलपत्र भैया को खिलाएं, वहां के मिट्टी को घर लाए, आज मेरा भाई पहले से ठीक है। ये शिवकृपा का ही कमाल है।

#### भगवान को कुछ देर एक टक जरूर देखें

पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि अगर तुम मंदिर में शिवजी को बेल पत्र नहीं चढ़ा सकते, जल नहीं चढ़ा सकते, उसके सामने हाथ नहीं जोड़ सकते, फूल-अगरबत्ती से पूजा नहीं कर सकते, कोई बात नहीं पर, जब भी मंदिर से गुजरो कुछ पल के लिए उस शिव उस देवी या देवता की ओर एकटक देखो, पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ मन में प्रार्थना करो, फल जरूर प्राप्त होगा।

#### दर्जन से अधिक दो पहिया वाहनों की हुई जब्ती

कथा पंडाल के पास कुछ लोगों ने अपनी बाईक को बेतरतीब तरीके से पार्क कर दिया था। जिसके चलते एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को बड़ी गाड़ी में भरकर गंडई थाना भिजवाया गया।



#### चोंट खाकर साधारण पत्थर की कीमत बढ़ जाती है

कथा के दौरान पं. प्रदीप मिश्रा ने उन लोगों को समझाया, जो जीवन में आने वाली परेशानियों से जल्दी घबरा जाते हैं। उन्होंने बताया कि जो जमीन में लगा है वो भी पत्थर है और जो मंदिर में है वो भी पत्थर है, जरा सोचिये दोनों में क्या अंतर है, एक पत्थर पर हथौड़ा चलाया गया, छीला गया, तराशा गया तब जाकर वो मूर्ति बना है, तभी उसकी कीमत है। ऐसे ही जब आप अपने जीवन में परेशानियों का सामना करेंगे, तकलीफ सहेंगे, तब आप भी कीमती हो जाओगे, इसलिए जीवन में आने वाली परेशानियों का डटकर सामना करो ये आपकी कीमत बढ़ाएंगे।

#### उमड़े श्रद्धा के आंसू, बच्चे के साथ पहुंची बाबा के समीप

कथा के दौरान पं. प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्तों के पत्रों को पढ़ा और सर्वप्रथम जगदलपुर निवासी प्रीति तिवारी के पत्र को पढ़ते बताया कि प्रीति ने लिखा है उसके 3 बच्चे हैं। जिसमें 2 लड़की और 1 लड़का है। उसका बेटा बोल नहीं पाता था, चल नहीं पता था, उसने लिखा है कि कोई मुझसे पूछे श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का क्या अर्थ है। सीहोर में हमने 03 बार कथा सुनी। वहां के रूद्राक्ष का जल अपने बच्चे को देती थी। जिसकी कृपा से आज मेरा बच्चा चलता है, बोलता है और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का जाप करता है। दोनों मां-बेटे को पं. प्रदीप मिश्रा ने अपने पास बुलाया तो मां प्रीति तिवारी के आंसू झलक उठे। अपने बच्चे को लेकर वो पं. प्रदीप मिश्रा के पास ले गई और आशीर्वाद लिया।

## अमोनियम सल्फेट उर्वरक अमानक

**राजनांदगांव।** उप संचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) नागेश्वर लाल पाण्डे ने अमोनियम सल्फेट उर्वरक अमानक स्तर का पाए जाने पर भंडारण व वितरण एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि गुजरात स्टेट फर्टिलाईजर एंड केमिकल लिमिटेड बड़ोदरा गुजरात द्वारा निर्मित उर्वरक अमोनियम सल्फेट को विक्रेता अरोरा एग्रीटेक डोंगरगढ़ से उर्वरक का नमूना विश्लेषण के लिए उप संचालक कृषि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर भेजा गया था। प्रयोगशाला द्वारा विश्लेषण में उर्वरक नमूना अमानक स्तर का पाया गया।

## लालबहादुर नगर में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम लालबहादुर नगर में गत दिनों अंग्रेजी विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया राजनांदगांव चैप्टर के बैनर तले एक दिवसीय कार्यशाला में राज्य के विभिन्न भागों यथा दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़, कोंडागांव, कवर्धा आदि जिलों से अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ, शिक्षक एवं विद्यार्थी भाग लिए। मुख्य अतिथि समाजसेवी जोधीराम साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि जोधीराम साहू ने कहा कि छात्र ही देश के भविष्य हैं। उनके कंधो पर आने वाला कल की जिम्मेदारी है। विशिष्ठ अतिथि पुष्पा मुकेश सिन्हा एवं डोमेन पटेल ने भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित कर उन्हें आगे बढ़ने प्रेरित किया। पुष्पा सिन्हा ने शिक्षा के क्षेत्र में एल्टाई राजनांदगांव द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जनमानस को बताया। भिलाई से पधारी ममता विश्वकर्मा ने वोकैबुलरी लर्निंग एंड डिक्शनरी स्किल पर विस्तार से जानकारी दी। छुरिया से पधारी रिसोर्स पर्सन त्रिनेत्रा साहू ने लाइफ स्किल पर अपना सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। कोंडागांव से पधारे अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ मोहनलाल बोगा ने वड्र्स इज पावर विषय पर अपना विस्तृत विचार प्रस्तुत किया।



वर्कशॉप में भाग लेने वालों में कौशलराम चंद्रवंशी, दीपा रामटेके, रामदयाल वर्मा, धरम सिन्हा, पुष्पेंद्र धरमगुडे, जितेंद्र साहू, पूजा देवांगन, आस्था सिन्हा, ज्योति देवांगन, उपमा सिन्हा, त्रयांशु चंद्रवंशी, वेदप्रकाश, कीर्ति मंडावी, शीतल, करण कंवर, कोमल साहू, उमा देवांगन, चेतना सिन्हा, हिमांशु यादव, चुनेश साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धनेश सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा मुकेश सिन्हा ने किया।

## नए कानूनों से जागरूक कराने के दिए निर्देश

■ कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून की जागरूकता के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने नए कानूनों से कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके लिए महाविद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करने कहा। जिससे विद्यार्थी एवं जनसामान्य अपने अधिकारों के बारे में जान सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू किया जाएगा। इसी तरह दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू किया जाएगा। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया जाएगा।

## शिविर में 470 हितग्राहियों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला में विश्व सिकलसेल दिवस का आयोजन जिला प्रशासन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा दशहरा मैदान मोहला में किया गया। आयोजन में 470 हितग्राहियों का सिकलसेल जांच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया गया। साथ ही सिकलसेल रोग के संबंध में जागरूकता तथा प्रचार-प्रसार किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा सिकलसेल रोग से संबंधित जागरूकता हेतु हितग्राहियों को उद्बोधन दिया गया एवं सिकलसेल जागरूकता रथ को जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रचार-प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मंडावी द्वारा सिकलसेल रोग के लक्षण एवं रोकथाम के बारे में जानकारी हितग्राहियों को दी गई।




इस अवसर पर यशपाल सिंह पुलिस अधीक्षक, हेमंत ठाकुर परियोजना निदेशक, हेमेंद्र भुआर्य अनुविभागीय अधिकारी मोहला, श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, समाजसेवी संजय जैन, योगेश खंडेलवाल, गमिता लोनहारे, डॉ. सीमा ठाकुर, डॉ. विकास राठौर, संतोष चंदेल एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनएलपी पद्धति का शिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में शिक्षाविद दीप्ति बिंदल का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकवृंद को ''एनएलपी तकनीक से छात्र जुड़ाव को बढ़ाने'' विषय पर मार्गदर्शन दिया। स्वागत भाषण प्राचार्य शैलजा नायर द्वारा दिया गया। उन्होंने श्रीमती बिंदल का स्वागत करते एनएलपी के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताते कहा कि एनएलपी पद्धति का शिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। इससे हम अपनी शिक्षण विधि को और अधिक प्रभावकारी बना सकते हैं। श्रीमती बिंदल का सारगर्भित परिचय उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने श्रीमती बिंदल के व्यक्तित्व एवं कार्यविधियों की प्रशंसा करते इस विद्यालय में उनके द्वारा मार्गदर्शन देने की बात को परम सौभाग्य बताया।

कार्यशाला में श्रीमती बिंदल द्वारा शिक्षण विधि को प्रभावकारी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रयोगों और उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि एनएलपी हमें सक्षम बनाता है और हमें प्रत्येक छात्र को बेहतर तरीके से समझने के लिए सिखाता है कि हमारा मस्तिष्क हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले शब्दों को कैसे संसाधित करता है और हम पर कैसे प्रभाव डालता है। आभार प्रदर्शन व्याख्याता सुनील गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यशाला में बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निःशुल्क जांच 21 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक दीनदयाल नगर पानी टंकी के पास चिखली राजनांदगांव में आयुष राष्ट्रीय कार्यक्रम ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं अन्य मस्कुलोस्केलेटल विकार की निःशुल्क जांच की जाएगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय ने बताया कि निःशुल्क जांच में विभिन्न प्रकार के वात रोग जैसे गठियावात, वातरक्त, स्पॉंडिलोसिस, कमर दर्द, जोड़ों में दर्द, एड़ी में दर्द एवं साइटिका इत्यादि रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार मरीजों को चिकित्सा एवं योग परामर्श तथा निःशुल्क आयुर्वेद औषधियां भी प्रदान की जाएगी।

### कलेक्टर ने तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर में होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि सांसद संतोष पाण्डेय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर राजनांदगांव में सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योग अभ्यास किया जाएगा। जिसमें अधिकारियों-कर्मचारियों सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाईड के विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने निर्देश दिए हैं।



उन्होंने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 जून की शाम को योग रिहर्सल किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, गद्दा, साउंड सिस्टम, मेडिकल, पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## बोरी स्कूल में सिकलिंग सेल जागरुकता अभियान आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में 19 जून को सिकलिंग सेल जागरूकता अभियान का आयोजन प्राचार्य अनीता सहारे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर चित्र के माध्यम से सिकलिंग सेल को प्रदर्शित किया गया।

प्राचार्य अनीता सहारे ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि सिकलिन से ग्रसित मनुष्य की शारीरिक स्थिति कैसी होती है, उनको कौन-कौन सी बीमारी हो जाती है। सिकलिंग होने के कारण, बचाव एवं सावधानियां बरतनी उपाय बताएं।

जीव विज्ञान व्याख्याता विभा कायरकर ने भी सिकल सेल के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर व्याख्याता बॉबी नन्हारे, श्रद्धा तिवारी, दीपिका साहू, सीमा धमकेश, आयुषी भटनागर, विधि चौरसिया, अनीता यादव, सहायक शिक्षक विज्ञान, व्यायाम शिक्षक उमेश दास वैष्णव एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

**पहल: दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को मिल सकेगी स्वास्थ्य की आपातकालीन सुविधाएं**

# मुख्यमंत्री ने पांच निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

बुधवार को राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए पांच निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर अब आठ हो गई है।

क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अब आपातकालीन सुविधा 24 घंटे सातों दिन मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप व विधायक पुरन्दर मिश्रा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मुझे बहुत ही हर्ष का अनुभव हो रहा है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा की पहल से अपने एक और वादे को पूरा करने का हमें अवसर मिला है। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से पंडरिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत इंदौरी, पंडरिया, पाण्डातराई, दुल्लापुर एवं कुण्डा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं आपातकालीन सेवा मिलेगी। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया जाएगा।

**हजारों परिवारों को इस आपातकालीन सेवा का लाभ मिल रहाः सीएम**



मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे किसी भी विषम परिस्थिति में मरीजों को त्वरित सेवा मिलेगी। जनहित के ऐसे प्रयास के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। विधानसभा चुनाव के समय भावना बोहरा की गारंटी सेवा संकल्प पत्र में हमने स्वस्थ एवं समृद्ध पंडरिया के उद्देश्य को सार्थक करने हेतु पंडरिया विधानसभा में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू करने का संकल्प किया था और आज मुझे बहुत ही खुशी हो रही है कि आप सभी के सहयोग एवं समर्थन से हम अपने इस संकल्प को पूरा करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि रणवीरपुर एवं आदिवासी व वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर में पहले से ही तीन निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का सुचारू रूप से संचालन हो रहा है और अब तक हजारों परिवारों को इस आपातकालीन सेवा का लाभ मिल रहा है। आपातकालीन समय में मरीजों को घर से अस्पताल व अस्पताल से घर लाने-ले-जाने के साथ ही बहुत से ऐसे मरीज थे, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर व अन्य जिलों में भी इस एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने की सुविधा मिली है। इसके साथ ही पूर्व में संचालित एक निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब एवं महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु तीन निःशुल्क बस सेवा की सुविधा दी जा रही है।

# खेती-किसानी कार्य में जुटे किसान

■ क्षेत्र मे धान बुआई कार्य नें पकड़ी रफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏩कोलेगांव



पंडरिया विकासखण्ड क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोलेगांव, धनेली, मोहतरा कला, भगतपुर, रुसे, बसनी, सेमरकोना व कुण्डा तथा दामापुर क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेती किसानी कार्य में जुट चुकें है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शरह सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश सें अंचल के ग्रामीण किसान खेती-किसानी कार्य में सक्रिय दिखाई दे रहा है। वहीं खेत-खलिहान की साफ-सफाई जोर शोर से किया जा रहा है।


मिली जानकारी के अनुसार अभी से ग्रामीण किसान खेत-खलिहान की साफ-सफाई एवं धान बुआई का कार्य रफ्तार पकड़ रही है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि इस बार भी पिछले वर्ष की तरह देरी से बुआई कार्य शुरू हुआ है, अगर इस तरह बुआई कार्य चलता रहा तो एक-दो हफ्ता में पूरा बुआई का कार्य समाप्त हो जाएगा। क्योंकि पंडरिया क्षेत्रांतर्गत अधिकांश ग्रामीण किसान गन्ना फसल की खेती-किसान ज्यादा ध्यान देते हैं वहीं कुछ किसान धान फसल की खेती-किसान करते हैं इसलिए जल्दी धान का बुआई व ग्रामीण किसान खेती-किसानी व धान बुआई में सक्रिय नजर आ रहें है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** देश के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार (पीएमआरबीपी) अंतर्गत युवा बहादुरो को उचित प्रोत्साहन देने के लिए उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए उक्त क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का आनलाईन वेबसाइट पर 31 जुलाई तक आवेदन किया जाना है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन करने के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आवेदक को भारतीय नागरिक व भारत का निवासी होना अनिवार्य है, इसके अलावा संबंधित वर्ष के 31 जुलाई तक बच्चे की आयु 05 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके साथ ही साथ बच्चे के असाधारण उत्कृष्ट कार्य, घटना, उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से विगत 02 वर्ष के अंतर्गत होना अनिवार्य है।

# भाजपा मंडल, मोर्चा व प्रकोष्ठ स्तर पर मनाएगी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जसविंदर बग्गा को जिला संयोजक व राजेंद्र चंद्रवंशी को बनाया सह संयोजक



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आधारित प्रयासों के चलते योग को बढ़ावा देने के लिए तथा देश-विदेश तक इसके महत्व के लिए प्रति वर्ष 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी। इस दिन करोड़ों लोगों ने एक साथ योग किया जो एक रिकॉर्ड बना और तभी से भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब करोड़ों लोग एक साथ योग के विभिन्न आसन करते हैं। इस वर्ष भी ये दिवस पूरी गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के मुख्यालय कवर्धा में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योग दिवस पर भाजपा की वृहद कार्य योजना जसविंदर बग्गा बनाए गए आयोजन के जिला संयोजक गया है। वहीं इधर भाजपा ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पे तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा को जिला संयोजक व राजेंद्र चंद्रवंशी को सह संयोजक बनाया गया है। संयोजकद्वय ने हमें बताया कि जिले में पार्टी के 14 मंडल, 7 मोर्चा और 12 प्रकोष्ठों को अलग-अलग जिम्मेदारी देकर उन्हें आयोजन करने का लक्ष्य दिया गया है। आगामी 21 जून को भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस आयोजनों में क्षेत्रीय लोगों के साथ शामिल होंगे।

## अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने घनश्याम



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ का पहले राष्ट्रीय अधिवेशन हरि किशन सिंह सुरजीत भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से सभी राज्य के प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए थे। इस आयोजन में दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री ब्रह्म प्रकाश की जयंती पर यह आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ एवं अध्यक्ष दिल्ली सरकार जगदीश यादव के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता राष्ट्रीय महासचिव हेमंत यादव ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को शुरूआत किया, इस आयोजन में सर्व प्रथम उपस्थित पूर्व सांसद कंददाई वेलु तमिलनाडु व दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी का पुष्प-गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया साथ ही साथ कार्तिक चंद्रो कपास कोलकाता, तेलंगाना से मोहम्मद मसूद अहमद, केरल से श्री मुरली, उड़ीसा से दीपक यादव, बिहार से राष्ट्रीय महासचिव श्याम नंदन कुमार यादव, गीता गंगोत्री यादव, आशा चंद्रा, निशा यादव, उमा यादव, हीरामनी ताती, सुमित्रा घोस एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित यादव, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी एवं छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग सभी राज्यों से इस आयोजन में उपस्थित थें।राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के कर्ताधर्ता ब्रह्म प्रकाश प्रथम मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार के सानिध्य में जयंती पर अलग-अलग राज्यों के पदाधिकारी को बधाई एवं आभार व्यक्त किया। इस प्रकार उन्होंने अपने वक्तव्य करते हुए लास्ट में सभी को एनयूडीसी का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, इस आयोजन में अलग-अलग राज्यों के लोगों का भी नियुक्ति पत्र दिया गया। इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ से घनश्याम यादव को छत्तीसगढ़ का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया एनयूडीसी नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## बेमेतरा डीईओ का आदेश समन्वयकों को हतोत्साहित करने वाला: मुरली झारिया

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ कबीरधाम जिला अध्यक्ष ने जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के समन्वयकों को दिए आदेश 14 जून को अव्यवहारिक बताया है। मुरली झारिया ने कहा कि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेश 22 जनवरी 2021 के आदेश के समन्वयक के कार्य के कंडिका 1 में वर्णित के परिपालन में संकुल समन्वयक सुबह 10 बजे शाला जाकर 3 कक्षा को अध्यापन कराने के बाद शाम 4 बजे तक संकुल क्षेत्र के शालाओ में शैक्षणिक गुणवत्ता पर कार्य करता है। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश 27 अक्टूबर 2022 में वर्णित आदेश के परिपालन में समन्वयक अकादमिक सहयोग हेतु संकुल क्षेत्र के शाला में दिनभर रहकर आकलन करता है।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेश 25 सितंबर 2021 के में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य व जिला मिशन समन्वयक को स्पष्ट आदेश है कि संकुल शैक्षिक समन्वयक से किसी भी प्रकार का गैर शैक्षणिक कार्य न कराया जाएं फिर भी सभी जिलों में संकुल शैक्षिक समन्वयकों से गैर शैक्षणिक कार्य लगातार लिया जा रहा है।

जिसमे मुख्य है शासकीय डाक उच्च कार्यालय प्रेषित करना, दूसरे विभाग के कार्यो पर मॉनिटरिंग, उच्चाधिकारियों के दौरे में उपस्थित रहना, शासकीय योजनाओं के शिविर में जिम्मेदारी मिलना, किसी भी संस्था की शिकायत मिलने पर जांच टीम में जांच हेतु भेजना आदि शामिल है।

संकुल समन्वयक पूर्व में भी शिक्षा विभाग के अपने मूल दायित्वों का साथ-साथ शासन के सभी विभागों के महत्वपूर्ण कार्य जो शासन की प्राथमिकता में रहती है को पूरी ईमानदारी व तन्मयता से पूरी करने में अग्रणीय रहते आए है। संकुल शैक्षिक समन्वयक अपने संकुल क्षेत्र के शालाओ के स्थानीय मीडिया, जनप्रतिनिधियों सहित राजनेताओं से मधुर संबंध स्थापित कर स्कूलों के लिए भौतिक संसाधन उपलब्ध कराना, नवीन स्वीकृति प्रदान करवाना, समाचारों के माध्यम से शासन की योजनाओं को पालकों तक पहुंचाने का कार्य करती है।

जिला कबीरधाम के संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने एक स्वर में कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के आदेश से समन्वयक हतोत्साहित हो रहे है जिसमे उनके कार्यों की समीक्षा कर वेतन भुगतान करने की बात कही जा रही है। संघ ने उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की है साथ ही साथ मांग पूरी नही होने पर बेमेतरा जिले सहित पूरे प्रदेश के समन्वयक सामुहिक त्यागपत्र दे सकते है। प्रशासनिक कसावट हेतु जारी आदेश का हम सभी सदैव स्वागत करते हैं परन्तु लालफीताशाही का विरोध संगठन स्तर पर हमेशा किया जाता रहेगा।

## सुधार व मरम्मत कार्य ...



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रामीण गरीब परिवार अपने-अपने कच्ची मकान की सुधार व मरम्मत कार्य में जुटें हुए है। ताकि बरसात में किसी प्रकार की दिक्कत व परेशानी न हों इस लिए कच्ची मकान की छानी-छप्पर की मरम्मत कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071



## खबर संक्षेप

### सिकल सेल जागरुकता रथ सांसद ने किया रवाना

**कवर्धा।** सांसद संतोष पाण्डेय ने आज पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल की स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर सिकल सेल जागरूकता रथ को रवाना किया और सिकल सेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री देवांगन होंगे कार्यक्रम में शामिल

**कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पीजी कॉलेज मैदान के डोम में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सम्बंधित जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पेयजल, मेडिकल, जनरेटर, विघुत, पार्किंग, गद्दा, टाट पट्टी जैसे व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी तय कर दी है। जिसमे मुख्य रूप से मंच एवं साउंड सिस्टम, पेयजल एवं साफ सफाई, पानी, योग प्रशिक्षण आयुष सहित समस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज मैदान के डोम में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### लॉटरी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया आज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धरमपुरा विकासखण्ड कवर्धा एवं लडुवा विकास खण्ड पंडरिया के लिए शिक्षा के अधिकार के तहत सत्र 2024-25 में कक्षा केजी 1 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र संबंधित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों से प्राप्त हुआ है। पात्र छात्र-छात्राओं का स्कूलवार लॉटरी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया 20 जून 2024 को दोपहर 3 बजे कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के सभा कक्ष में पूर्ण किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने बताया कि लॉटरी प्राक्रिया में पालकगण उपस्थित होना चाहे तो उपस्थित हो सकते है।

### दिव्यांगजनों के लिए 31 जुलाई तक शिविर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण, विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जपं डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून को प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ आदि में शिविर आयोजित होगा।

**लापरवाही:** नगर पालिका कवर्धा को अनावश्यक उठानी पड़ रही है राजस्व की हानि

# नए वित्तीय वर्ष के लिए नपा ने जारी नहीं किए अब तक ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विधानसभा चुनाव के बाद से राजनैतिक खींचतान में व्यस्त रहे कवर्धा नगर पालिका प्रशासन इस वर्ष अपने अधीनस्थ अस्थायी दखल फीस वसूली, मवेशी बाजार, पशु पंजीयन वसूली तथा कांजी हाऊस जैसे दूसरे का ठेका देने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं कर पाया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि नगर पालिका प्रशासन की इस घोर लापरवाही से पालिका को बड़े राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि नगर पालिका कवर्धा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अगली परिषद की बैठक में ठेका जारी कर दिया जाएगा। लेकिन अगली परिषद की बैठक का शुभ मुहुर्त कब निकलेगा यह फिलहाल तय नहीं है। जानकारी के मुताबिक नियमानुसार नगर पालिका कवर्धा अधीनस्थ अस्थायी दखल फीस वसूली, मवेशी बाजार, पशु पंजीयन वसूली, कांजी हाऊस का वर्ष 2023-24 के लिए जारी नीलामी ठेका 31 मार्च 2024 को समाप्त हो गया है। ऐसी स्थिति में 1 अप्रैल 2024 तक नया ठेका हो जाना था। लेकिन नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते इस वर्ष निलामी ठेका की कार्यवाही हो ही नहीं पाई। जिसके चलते नगर पालिका प्रशासन ने अस्थायी दखल फीस वसूली, मवेशी बाजार, पशु पंजीयन वसूली, कांजी हाऊस की ठेका से प्राप्त राजस्व की वसूली नहीं हो पा रही है और नगर पालिका कवर्धा को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### लाखों के राजस्व का नुकसान

विपक्षी पार्षदों के मुताबिक अस्थायी दखल फीस, कांजी हाऊस, मवेशी बाजार आदि के लिए लाखों का ठेका होता है। लेकिन इस बार अभी तक ठेका प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण नगर पालिका को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में बेहतर यही होता की नगर पालिका प्रशासन इस राजस्व हानि से बचने के लिए जल्द से जल्द परिषद की बैठक बुलाकर ठेका प्रक्रिया पूर्ण कर राजस्व वसूली प्रारंभ कर दे।



### बजार ठेका पर लगाई गई रोक

यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस शासन काल में तात्कालिक कवर्धा विधायक एवं मंत्री मो. अकबर द्वारा बाजार ठेका पर रोक लगा दी थी। हालांकि अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सत्ता परिवर्तन के बाद यह रोक कायम रहेगी या फिर बाजार ठेका पुनः प्रारंभ किया जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा की बाजार ठेका भी कवर्धा नगर पालिका के राजस्व का एक बड़ा श्रोत है।

### परिषद की बैठक का इंतजार

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका परिषद कवर्धा की बैठक विधानसभा चुनाव के बाद से लेकर अब तक एक बार भी नहीं हुई है। जिसके चलते पालिका के कई अहम व महत्वपूर्ण फैसले अटके पड़े हैं। जिसमें नए वित्तीय वर्ष के लिए ठेका जारी करना भी एक महत्वपूर्ण विषय है। अब यह बैठक क्यों नहीं हो पा रही है और आने वाले दिनो में कब होगी और होगी भी कि नहीं ये कुछ ऐसे सवाल है जिसका जवाब नहीं मिल पा रहा है।

### बैठक में खोले जाएगी निविदा

आचार सहिता के पूर्व ही वार्षिक ठेका के लिए निविदा आमंत्रित किया जा चुका है। परिषद की बैठक में इसे खोला जाएगा और प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

**नरेश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कवर्धा**

# बच्ची के बलात्कारी को आजीवन कारावास

- विशेष न्यायालय पाक्सो ने आरोपी को सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय पाक्सो द्वारा आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इस संबंध में इस संबंध में अतिरिक्त लोक अभियोजक पीएन शिवोपासक ने जानकारी देते हुए बताया कि दशहरे के त्यौहार के दिन गांव में हो रहे नाचा कार्यक्रम में पीड़िता अपने दादा के साथ नाचा देखने गई थी। इसी दौरान पीड़िता को पानी प्यास लगने पर उसके दादा कायक्रम स्थल पर स्थित व्यक्ति के घर के दरवाजे के पास पीड़िता को छोड़कर घर के अंदर पानी लेन चले गए। जब वापस लौटे तो पीड़िता मौके पर नही थी। आसपास खोजने करने पर एक कमरे से पीड़िता के रोने की आवाज सुनकर दरवाजा खटखटाने पर अभियुक्त दुर्गेश पटेल द्वारा दरवाजा खोला गया और पीड़िता कमरे से बाहर निकली जिसके कपड़ों रक्त लगा हुआ था। जिस पर पीड़िता के दादा ने मकान के स्वामी व अन्य लोगों को घटना के विषय में जानकारी दी तथा पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त दुर्गेश पटेल निवासी सैगोना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच के दौरान घटना स्थल से रक्त के नमूने को संग्रहित किए गए। अभियुक्त के कपड़े एवं पीड़िता के स्लाईड व कपडे का डीएनए परीक्षण कराए जाने पर प्रतिवेदनानुसार डीएनए का मिलान सकारात्मक होना पाया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत तर्को का खंडन करते हुए अभियुक्त को आजीवन करावास की सजा सुनाते हुए टिप्पणी की गई कि किसी भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रायः बच्चे उनके परिवारजनों से पृथक होकर स्वच्छन्दता से विचरण करते है यदि ऐसे स्थलों पर 03 वर्ष जैसे अबोध बालिका के साथ बलात्संग जैसे घिनौना दृष्कृत्य किया जाता है तो निश्चित रूप से समाज में बच्चे कही सुरक्षित नही रहेंगे और ऐसा कृत्य व्यक्ति के विपरीत मानसिकता को दर्शित करते हुए सामाजिक परिवेश के लिए घातक होगा। अभियुक्त के द्वारा किया गया कृत्य समाज एवं मानवता के विरूद्ध गंभीर अपराध है ऐसे अपराधों में उदारता पूर्वक विचार किए जाने से निश्चित रूप से समाज के अपराधियों को प्रश्रय ही प्राप्त होगा। न्ययायालय द्वारा अभियुक्त को विशेष अधिनियम अंतर्गत धारा 06 लैंगिक अपराधों से बालको को संरक्षण अधिनियम 2012 के अपराध में आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेषप्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास तथा 2,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# ग्राम रोहरा का आम रास्ता दलदल में तब्दील

## बगैर बारिश गांव के मुख्य मार्ग का हालबेहाल, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डतराई



विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम रोहरा के बांसिंदे इन दिनो गांव में व्याप्त पानी निकासी तथा सीसी रोड़ के आभाव का दंश झेल रहे हैं। वहीं इन मूलभूत सुविधा सड़क, नाली के आभाव में सूखे के दिनो में गांव की इस बदहाली को देखकर स्थानीय ग्रामीणों को वर्षाकाल में होने वाली गंभीर समस्याओं की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के साथ प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते यहां आज पर्यंत पानी निकासी के लिए पक्की नालियों तथा सीसी रोड़ का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसके चलते गांव का मुख्य मार्ग दलदल में तब्दील हो गया और ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण रेकचंद पटेल के घर से राजकुमार पटेल के घर तक लगभग 100 मीटर की सड़क सूखे के इन दिनो में कीचड़ से पट गया और दलदल बन गया है। जिसमें न तो पैदल चला जा सकता है और न ही दोहिया वाहन की निकल पा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रही है कि जब आने वाले दिनो में बारिश होगी तो इस मार्ग की दशा क्या होगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के इसी मार्ग से होते हुए गांव छोटे-छोटे स्कूल आंगनबाड़ी आना जाना करते हैं। निश्चित रूप से मार्ग की हालत को देखते हुए इस बात की पूरी संभावना है कि बारिश होने पर यहा जल भराव की गंभीर समस्या खड़ी होगी और हो सकता है कि यह मार्ग ही बंद हो जाए और अगर ऐसा हुआ तो ग्रामीण और बच्चे घर में ही कैद होकर रह जाएंगे। इस गंभीर समस्या को देखते वैसे तो ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से पानी निकाली के लिए पक्की नाली तथा सीसी रोड़ निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिम्मेदारों की इस उपेक्षा को देखते ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन, प्रशासन से वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व पक्की नाली व सड़क निर्माण की मांग की है। ताकि ग्रामीण तथा बच्चे सुविधा पूर्ण ढंग से आवागमन कर सकें।



### ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अपनी इस गंभीर समस्या से पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराते हुए स्थानीय निवासी पंच अंगद पटेल ,पप्पू पटेल, राजेश निर्मलकर, धनिधर्म दास आदि ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान कराए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि संबंधित अधिकारी ने ग्रामीणों समस्या के समाधान का भरोसा दिया है।

# आसमान से राहत के साथ बरस रही जानलेवा आफत, गाज गिरने से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भीषण गर्मी और उमस के बीच अंचल में बदले मौसम के साथ बीते मंगलवार से आसमान से लोगों के लिए राहत लेकर आया पानी तो बरस रहा है लेकिन इसके साथ जीवलेवा आफत भी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।

बताया जाता है कि ऐसी ही आफत के चलते मंगलवार को स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरमाटी में आकाशी बिजली की चपेट में आने ऐ युवा ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को ग्राम गौरमाटी निवासी पुरन साहू आयु 32 वर्ष अपने पुत्र संजू साह के साथ ट्रैक्टर से अपने खेत की जोताई करने गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और आंधी तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इस खराब मौसम के बीच अचानक आसमान से गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने पुरन साहू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पुत्र बाल बाल बच गया।

इस घटना के बाद मृतक के परिवार व गांव में शोक व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। गौरतलब है कि बीते मंगलवार से अंचल को मौसम बदल गया है और भीषण गर्मी तथा उसम के बीच दो दिनो से दिन के दूसरे पहर में आसमान में काले बादल छा रहे हैं तथा भीषण गर्जना के साथ बारिश भी हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से तो राहत मिल रही है लेकिन इस बदले मौसम में गिरने वाली आकाशीय बिजली लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।

# कारखाना के शेयरधारी किसानों ने मांगी शक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

लोकसभा चुनाव और उसके चलते प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद अब जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखाना के शेयरधारी गन्ना उत्पादक किसान प्रदेश की सत्ताशीन भाजपा सरकार को एक बार फिर उसका चुनावी वादा याद दिलाने में जुट गए और अंशधारी किसानो को वायदे के मुताबकि रियायती दर पर शक्कर आबंटित कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

गौरतलब है कांग्रेस शासनकाल में जिले के सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के शेयरधारी किसानो को रियायती दर में आबंटित की जाने 50 किलो शक्क र का आंबटन बंद कर दिया गया था। जिसे लेकर कहीं न कहीं गन्ना उत्पादक किसानो में असंतोष व्याप्त था और इस बात को समझते हुए भाजपा ने इस बार विधानसभा चुनाव में इन गन्ना उत्पादक शेयरधारी किसानो से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने पर उन्हें फिर से 50 किलो शक्कर रियायती दर पर आबंटित की जाएगी। लेकिन गन्ना उत्पादक किसानो की माने तो विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए तथा प्रदेश में भाजपा की सरकार बने करीब आधा साल गुजर चुका है अभी तक उन्हें एक भी बार 50 किलो शक्कर का आबंटन नहीं किया गया है। हालांकि इन 6 महिनो में अधिकांश समय लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के कारण गन्ना उत्पादक शेयरधारी किसानो ने भी धीरज का परिचय दिया लेकिन अब लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने और आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद वे भाजपा सरकार को उसका वायदा याद दिलाने में जुट गए हैं और शक्कर की मांग कर रहे हैं। देखने वाली बात होगी कि भाजपा सरकार किसानो से किए गए अपने इस वायदे को कब तक पूरा करती है।

# कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में ग्राम बिपतरा के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने आवेदन किया। कलेक्टर ने पिपरिया तहसीलदार को मौके पर जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रेंगाखार खुर्द के ग्रामीणों ने नलजल योजना से बने टंकी पाईप लाईन को चालू कराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। नगर पंचायत पांडातराई निवासी श्रीमती अनिता गुप्ता ने धोखा-धड़ी से नक्शा काटने संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गंभीरतापूर्वक शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

**सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता बढ़ाना व इसकी पहचान करना बहुत जरूरीः सांसद**

# पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सिकलसेल को लेकर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विश्व सिकल सेल दिवस पर आज कवर्धा के पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सिकल सेल स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करना है। शिविर में सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से शामिल हुए और इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सिकल सेल रोग की पहचान, लक्षण और इसके इलाज के बारे में जानकारी दी। स्क्रीनिंग के माध्यम से कई लोगों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। शिविर में आए लोगों को सिकल सेल रोग के बारे में जागरूक किया गया और इसके प्रभाव से बचाव के उपाय बताए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्री पटेल, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर इसकी पहचान करना बहुत जरूरी है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम समाज में इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैला सकते हैं और प्रभावित लोगों को समय पर उचित इलाज मुहैया करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम निरोग कैसे रह सकते है इसके लिए वेदों, ग्रंथो में महापुरूषों ने अनेक योग और औषधियों के बारे में जानकारी दी है। जिससे सभी प्रकार के रोगों से मुक्त रह सके। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीबी कुष्ट रोग को नष्ट करने के लिए अभियान चलाकर कार्य किया है और सफलता भी प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोग अनुवांशिक होता है। रक्त में लाल कोशिका होती है। इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण हसिंए के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते है। हमारे देश में इसके निराकरण के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है। यदि हम सिकल सेल के बारे में जानकारी रखे तो इससे बचा जा सकता है।

## राहत...



**कवर्धा।** अंचल में हुई बारिश के बाद पंडरिया क्षेत्र की बेजान हो चुकी हाफ नदी में आई फिर से जान।